खास-खबरें

छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः युवाओं को नशे की लत से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में नशामुक्ति एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय सीहोर के तत्वावधान में यह कार्यक्रम नालसा की 'नशामुक्त भारत के लिए योजना, 2025' के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल शरद जोशी ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही नशे की लत से बचाव, नशामुक्ति के उपाय और मादक पदार्थों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

युवा संसद में लखन देवड़ा ने किया मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व



नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेमली कांकड़ निवासी लखन सिंह देवड़ा ने 21 और 22 नवंबर को भोपाल विधानसभा में आयोजित युवा संसद में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया। किसान गट्टू सिंह देवड़ा के पुत्र लखन ने मंच से किसानों की समस्याओं, फसल के उचित भाव और मुआवजे से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। युवा संसद में उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। साथ ही युवाओं की राजनीति में भागीदारी और नेतृत्व के अवसरों पर भी वक्तव्य दिया। उन्होंने किसानों को उचित फसल मूल्य और मुआवजा मिलने में आ रही परेशानियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

एक साल से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। संतोषजनक प्रगति नहीं करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान केवल औपचारिकता न हो, बल्कि आवेदक की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट प्रकरणों और मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के शिविरों में मिले आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति देने तथा सेम और मेम श्रेणी के बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर उपचार और पोषण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोड़कर लाखों के जेवर चोरी, सीसीटीवी कैमरे को भी किया टेढ़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः पुलिस थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित देवलीला ज्वेलर्स की दुकान में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश दुकान के दो ताले तोड़कर अंदर घुसे और जेवरात लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह आसपास के दुकानदारों ने ताले टूटे देख दुकान मालिक रामजी भाई को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने दुकान के मुख्य गेट के बजाय मार्केट के पीछे पाराशरी नदी की ओर बनी दीवार के सहारे प्रवेश किया। आशंका जताई जा रही है कि रविवार को बाजार में अधिक चहल-पहल का फायदा उठाकर बदमाश शाम को ही भवन में छिप गए और देर रात वारदात को अंजाम दिया। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी टेढ़ा कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए विदिशा से एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड बुलाया गया। डॉग स्क्वायड ने दुकान से जांच शुरू की और सड़क की ओर बढ़ते हुए सावरकर चौक तक पहुंचा। एसडीओपी शिखा भलावी सहित पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। स्वर्णकार संघ के पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि फुटेज में एक संदिग्ध दिखाई दिया है। सूत्रों के अनुसार, करीब 20 किलो चांदी चोरी होने की आशंका है। सोने के जेवरात की मात्रा का पता दुकान में रखे सामान का मिलान होने के बाद ही चलेगा। बदमाश एक बड़ी तिजोरी खोलने में असफल रहे, जिससे बड़ी चोरी टल गई।

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव, कार्यकारिणी ने ली शपथ

नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा महर्षि गौतम आश्रम में श्रद्धा और उत्साह के साथ अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय एवं उनकी पत्नी अरुणा राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान गोवर्धन की झांकी के दर्शन के साथ महर्षि गौतम का पूजन-अर्चन और आरती की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर सभा अध्यक्ष अरुण कुमार व्यास ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों और समाजजनों का अभिनंदन किया। इसके बाद नगर सभा एवं महिला नगर सभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। समाजोत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। ट्रस्ट सचिव सत्यनारायण शर्मा ने नए सदस्यों का स्वागत कर उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतुल तिवारी को नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त होने तथा युवा संघ अध्यक्ष अंकित जोशी को राष्ट्रीय सभा में मनोनीत किए जाने पर सम्मानित किया गया। वहीं रजत व्यास को नवीन युवा संघ का अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे, बीएम जोशी, डीके जोशी, राजेंद्र दुबे, गोपाल दुबे, ईश्वर जोशी, आशीष शर्मा और राष्ट्रीय सचिव राजेश दुबे का विशेष सहयोग रहा। युवा संघ से सुदीप दुबे, प्रखर तिवारी, देवेंद्र जोशी, राखी दुबे और रवि तिवारी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वैकुंठ चतुर्दशी पर हर ने हरि को सौंपा सृष्टि का कार्यभार

- चांदी की पालकी में गोपाल मंदिर पहुंचे महाकाल
- तुलसी-बिल्वपत्र की मालाओं से हुआ सृष्टि की सत्ता का हस्तांतरण



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः वैकुंठ चतुर्दशी की मध्यरात्रि को धर्मनगरी उज्जैन में हर और हरि के अद्भुत मिलन का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। परंपरा के अनुसार, भगवान महाकाल ने मनमहेश स्वरूप में गोपाल मंदिर पहुंचकर भगवान विष्णु को सृष्टि के संचालन का दायित्व सौंपा। इस दौरान बिल्वपत्र और तुलसी की मालाओं का आदान-प्रदान किया गया। पूजन के बाद सवारी वापस महाकालेश्वर मंदिर लौट आई।

22 नवंबर की रात 11 बजे महाकालेश्वर मंदिर से भगवान मनमहेश रजत पालकी में सवार होकर गोपाल मंदिर के लिए रवाना हुए। सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा और पटनी बाजार होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची। यहां शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में विशेष पूजन किया गया। भगवान महाकाल की ओर से गोपाल जी को बिल्वपत्र की माला भेंट की गई, जबकि भगवान विष्णु की ओर से महाकाल को तुलसी की माला अर्पित की गई। इसी के साथ सृष्टि का कार्यभार सौंपने की परंपरा निभाई गई।

गोपाल मंदिर के पुजारी मधुर शर्मा ने बताया कि विधि-विधान से पूजन संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। महाकाल मंदिर के पुजारी माधव गुरु के अनुसार, वैकुंठ चतुर्दशी पर भस्मार्ती में भगवान विष्णु का पूजन और आरती भी की गई। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक भगवान विष्णु के विश्राम काल में महादेव सृष्टि का संचालन करते हैं। वैकुंठ चतुर्दशी पर यह दायित्व पुनः भगवान विष्णु को सौंप दिया जाता है।

सवारी में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मंदिर समिति के प्रशासक व अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, एसपी प्रदीप शर्मा सहित पुजारी-पुरोहित, पुलिस बल, नगर सैनिक, विशेष सशस्त्र बल और महाकाल बैंड शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सवारी मार्ग पर ड्रोन से निगरानी की गई। आतिशबाजी को लेकर जारी निर्देशों का पालन कराने के लिए पुलिस ने सतर्कता बरती।

प्रकाश पर्व पर अरोरा ने दी शुभकामनाएं, लंगर में शामिल होने की अपील



सीहोर। श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जसपाल अरोरा और अमीता अरोरा ने नगरवासियों एवं सिख समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जसपाल अरोरा ने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी का जीवन संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने प्रेम, भाईचारे, समानता, सेवा और मानवता का संदेश दिया। उनके विचारों को अपनाकर समाज में आपसी सद्भाव, एकता और शांति को मजबूत किया जा सकता है।

श्री अरोरा ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर 24 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुरुद्वारे में लंगर प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन करने, माथा टेकने और लंगर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें निःस्वार्थ सेवा, परोपकार और आपसी भाईचारे की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर अरोरा दंपती ने सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

वन विभाग ने 10.270 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा/लाड़कुईः वन विभाग ने सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को लाड़कुई वन परिक्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 10.270 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। ग्राम मुहाई के पांच लोगों के कब्जे हटाए गए। कार्रवाई के बाद वन विभाग ने 30 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण की तैयारी भी शुरू कर दी है। विभाग ने वन भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही है।

वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल के निर्देशन और उपवन मंडल अधिकारी बुधनी आरके चौधरी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके ने दल गठित कर कार्रवाई की। वन परिक्षेत्र लाड़कुई के परिसर किशनपुर स्थित कक्ष क्रमांक 352 आरएफ में लंबे समय से किए गए अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान पंकज जाट के 1.040 हेक्टेयर, बृजेश पंडित के 1.200 हेक्टेयर, केदार के 3.400 हेक्टेयर, छोटेलाल के 2.600 हेक्टेयर और प्रेम सिंह के 2.030 हेक्टेयर क्षेत्र से कब्जा हटाया गया। इस तरह कुल 10.270 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग ने भूमि को दोबारा वन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत 30 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार किए जा रहे हैं, ताकि वन भूमि का संरक्षण किया जा सके और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की आशंका कम हो।

कार्रवाई में दल प्रभारी वनपाल ओम कुमार गोयल, वनपाल शरद रंजन दांगी, बीट गार्ड कमल सिंह, वनपाल सुमन आर्य, वन रक्षक अरुण पेठारी, संजीत अहिरवार, संतोष कुमार वर्मा, प्रेम सागर बागवान, सूरजपाल सिंह राजपूत, महेंद्र कुमार राजपूत सहित वन अमले और सुरक्षा श्रमिकों ने भाग लिया। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नेशनल लोक अदालत में बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी, अनियमितताओं और अन्य विद्युत संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मंदसौर वृत्त के अधीक्षण यंत्री योगेश आठनेरे ने बताया कि लोक अदालत में लंबित न्यायालयीन और मुकदमा पूर्व प्रकरणों के समझौते के लिए विशेष छूट दी जाएगी।

लोक अदालत में मंदसौर, मल्हारगढ़ और सीतामऊ संभाग के लंबित मामलों का निराकरण विशेष न्यायालय मंदसौर में किया जाएगा। वहीं गरोठ और भानपुरा तहसील न्यायालयों में लंबित विद्युत प्रकरणों की सुनवाई होगी। इसके साथ ही अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामलों का भी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

कंपनी के अनुसार, निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू और कृषि उपभोक्ता, 5 किलोवॉट तक भार वाले गैर घरेलू तथा 10 हॉर्सपावर तक भार वाले औद्योगिक उपभोक्ता निर्धारित शर्तों के तहत छूट का लाभ ले सकेंगे। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत बिजली चोरी के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत और ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान बताया गया है। कंपनी की ओर से जारी जानकारी में एक अन्य श्रेणी के प्रकरणों में सिविल दायित्व पर 20 प्रतिशत और ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट का भी उल्लेख है। इनका लाभ निर्धारित राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर मिलेगा।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला न्यायालय परिसर मंदसौर तथा तहसील न्यायालय गरोठ और भानपुरा में कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। अधीक्षण यंत्री आठनेरे ने उपभोक्ताओं से लोक अदालत में उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

अरोरा परिवार ने दिवंगत माता की स्मृति में 2.05 लाख रुपये दान देने की घोषणा की

गंजबासौदा। नगर के प्रतिष्ठित अरोरा परिवार ने दिवंगत श्रीमती प्रीतम रानी अरोरा की स्मृति में समाजसेवा के कार्यों के लिए 2 लाख 5 हजार रुपये दान देने की घोषणा की है। श्रीमती प्रीतम रानी अरोरा, बालकृष्ण अरोरा की धर्मपत्नी थीं। उनके निधन के बाद स्थानीय दाद जी प्लाजा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारियों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित लोगों ने श्रीमती अरोरा के सरल, सौम्य और सेवाभावी व्यक्तित्व को याद किया। इस दौरान समाजसेवी, अनाज-तिलहन व्यापार संघ के संरक्षक एवं हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक बालकृष्ण अरोरा ने अपने पुत्रों राजीव अरोरा, विशाल अरोरा और गौरव अरोरा के साथ समाजसेवा के लिए दान देने की घोषणा की। परिवार ने कहा कि उनकी माताजी का जीवन सेवा, दया और परोपकार के भाव से प्रेरित रहा।

प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, शबद-कीर्तन से गूंजा शहर



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। पीली दस्तार और सफेद परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने शबद-कीर्तन के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पांच प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। जुलूस शाम को दूधतलाई गुरुद्वारे पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई।

गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि जिलेभर की संगत उत्साह के साथ आयोजन में भाग ले रही है। सुख सागर गुरुद्वारा के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा के अनुसार, सोमवार सुबह से दोपहर दो बजे तक गुरबाणी कीर्तन और गुरमत विचार हुए। इसके बाद लंगर वितरित किया गया। नगर कीर्तन सुख सागर गुरुद्वारे से शुरू होकर गुरु नानक मार्केट, शहीद पार्क, टावर, फ्रीगंज, फ्रीगंज पुल, देवास गेट, बस स्टैंड, मालीपुरा और इंदौर गेट से होते हुए दूधतलाई गुरुद्वारे पहुंचा। जुलूस में पुरुष बसंती पगड़ी और महिलाएं सफेद वस्त्र व चुनरी पहने नजर आईं।

समाजसेवी महेंद्र सिंह गिल ने बताया कि एक माह से चल रहे प्रकाश पर्व के आयोजनों का समापन 24 नवंबर को होगा। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु नानक घाट पर 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क लंगर की व्यवस्था की गई है। सुबह नौ बजे अखंड पाठ की समाप्ति के बाद साढ़े नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक कीर्तन और गुरमत विचार होंगे। रात नौ से 11 बजे तक कीर्तन, दीपमाला और आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। 22 नवंबर से चल रहे कार्यक्रमों में दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई जसविंदर सिंह, सिख मिशन मध्य प्रदेश उज्जैन के प्रभारी भाई बलदेव सिंह ओगरा और गुरु नानक घाट के हेड ग्रंथी ज्ञानी सुरजीत सिंह का सानिध्य मिल रहा है।

स्थगन आदेश के बावजूद सरकारी जमीन पर निर्माण जारी, एसडीएम के निर्देश भी बेअसर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे स्थित जेपी मार्केट में कथित तौर पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। तहसीलदार द्वारा निर्माण कार्य रोकने के लिए स्थगन आदेश जारी किए जाने और एसडीएम कार्यालय से नगर परिषद को कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद निर्माण जारी रहने की शिकायत है। इससे प्रशासनिक कार्रवाई और जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार सर्वे नंबर 192/3/2 और 193 शासकीय भूमि के रूप में दर्ज हैं। शिकायत मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने 18 अक्टूबर को संयुक्त निरीक्षण किया था। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया शासकीय भूमि पर बने सार्वजनिक शौचालय को हटाकर गड्ढे खोदने और सीमेंट-कंक्रीट के कॉलम खड़े कर



निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई थी। इसके बाद तहसीलदार ने प्रकरण क्रमांक 576/2026 में मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 32 के तहत निर्माण कार्य तत्काल रोकने का आदेश जारी किया था। संबंधित पक्ष को स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए थे।

इधर, जेपी मार्केट के व्यापारी विश्राम पंवार ने शिकायत की है कि उनकी दुकान के छज्जे के नीचे जबरन कॉलम खड़े कर बीम डालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण रुकवाने और कार्रवाई की मांग की थी। उनके आवेदन पर एसडीएम एवं दंडाधिकारी भैरूंदा ने 19 नवंबर को नगर परिषद के सीएमओ को पत्र जारी कर मामले का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद पटवारी से मौके का मुआयना कराया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगर परिषद सीएमओ राम प्रसाद भवरे ने कहा कि शासकीय शौचालय तोड़े जाने के मामले में परिषद ने अब तक कोई जुर्माना नहीं लगाया है। स्थगन आदेश और एसडीएम के निर्देशों के बावजूद निर्माण जारी रहने की शिकायत से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन मौके पर जांच कर निर्माण रुकवाने और शासकीय भूमि की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है।

सद्गुरु विजन सेंटर में आज लगेगा मोतियाबिंद जांच शिविर

गंजबासौदा। मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर में मंगलवार को विशाल मोतियाबिंद निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर द्वारा लगाया जा रहा है। शिविर में आनंदपुर ट्रस्ट की चिकित्सकों की टीम मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच करेगी। इसके साथ ही जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी और चश्मे के नंबर भी निकाले जाएंगे। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या सामने आएगी, उन्हें ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजने की व्यवस्था की जाएगी। शिविर के सहयोगी एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने नगर के नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर डॉ. राजकरण वर्मा, धर्मेंद्र अहिरवार, जीतू पाठक और गोलू राठौड़ सहित चिकित्सकों की टीम सेवाएं देगी। आयोजकों ने शिविर में आने वाले लोगों से आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाने का अनुरोध किया है।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग और शिक्षण सामग्री



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित प्राथमिक शाला में सोमवार, 23 नवंबर को उज्ज्वल पथ एवं समाधान स्टोर्स की ओर से विद्यार्थियों को स्कूल बैग और शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस दौरान बच्चों को फल भी बांटे गए। पढ़ाई से जुड़ी सामग्री और फल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। संस्था की इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम में उज्ज्वल पथ के संचालक विनय यादव ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और जरूरी संसाधन उपलब्ध कराना केवल परिवार या विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पूरे समाज की सहभागिता आवश्यक है। समाज के लोग आगे आकर जरूरतमंद बच्चों की मदद करें तो उन्हें बेहतर अवसर मिल सकते हैं।

कुबेरेश्वरधाम में शिव-विष्णु का विशेष अभिषेक, 10 क्विंटल मावे की बर्फी का लगाया भोग

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः धन-दौलत विरासत में मिल सकती है, लेकिन अच्छे संस्कार व्यक्ति को अपने आचरण और व्यवहार से अर्जित करने पड़ते हैं। संपत्ति और पद समय के साथ समाप्त हो सकते हैं, लेकिन संस्कार पीढ़ियों तक परिवार की पहचान बनाए रखते हैं। इसलिए बच्चों को धन-संपत्ति के साथ अच्छे संस्कारों की विरासत देना भी जरूरी है। यह बात अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में वैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।

सोमवार को वैकुंठ चतुर्दशी पर कुबेरेश्वरधाम में भगवान शिव और भगवान विष्णु का विशेष अभिषेक एवं पूजन किया गया। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचे और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर भगवान के जयकारे लगाए।

संस्कार ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजीः प्रवचन के दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि माता-पिता



बच्चों के भविष्य के लिए धन-संपत्ति और सुविधाएं जुटाते हैं, लेकिन उन्हें अच्छे संस्कार देना भी उतना ही आवश्यक है। मकान, जमीन और धन विरासत में मिल सकते हैं, लेकिन सम्मान, विनम्रता, सेवा और दया जैसे संस्कार अपने व्यवहार से विकसित करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना तथा जरूरतमंदों की सेवा करना सिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति केवल मंदिर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमारे आचरण में भी दिखाई देनी चाहिए। व्यक्ति को धन और पद का अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि अच्छे कर्म और संस्कार ही जीवनभर साथ रहते हैं।

संतों का किया स्वागत-सम्मानः इस अवसर पर उज्जैन और काशी से आए संतों का विठलेश सेवा समिति की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित समिति के सदस्यों ने संतों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। संत राजेन्द्र दास ने कहा कि कुबेरेश्वरधाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचनों के माध्यम से शिवभक्ति, सेवा और संस्कारों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया है।